54

दैनिक भास्कर
रोपड़-पटियाला, बुधवार 9 मार्च, 2016

# बेला कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

भास्कर संवाददाता | चमकौर साहिब

अमर शहीद बाबा अजीत सिंह जुझार सिंह मेमोरियल कालेज, बेला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें डीसी रोपड़ करुणेश शर्मा, सोनम चौधरी एसडीएम श्री चमकौर साहिब ने मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत की। डीसी ने कहा कि भारत में दुनिया के मुकाबले औरतों को संविधान में चुनाव का अधिकार दिया गया है, 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल भी पेश होने के लिए तैयार है। वुमेन सैल के इंचार्ज प्रो. सतवंत कौर शाही, प्रिंसिपल सुरमुख सिंह और ममता अरोड़ा ने सभी को महिला दिवस की बधाई दी। दविंदर सिंह जटाणा, प्रबंधक कमेटी ने डीसी, एसडीएम और सोनम चौधरी भी मौके पर शामिल रहे। डीसी ने कालेज में मेहंदी मुकाबले, कैप्शन, पोस्टर मेकिंग आदि मुकाबलों में विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके अध्यक्ष संगत सिंह लोंगिया सीनियर महासचिव, दविंदर सिंह जटाणा सचिव प्रबंधक कमेटी, खजानची ज्ञान सिंह बेला ने डीसी को सम्मानित किया।



बेला कॉलेज की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते गण्यमान्य।

Scanned with CamScanner